तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 अतिथि नहीं बेटा बनकर अपने परिवार के ...



14 समलिया यादव दूसरी बार बने प्रांतीय महासचिव



## खबर संक्षेप

### खेत में लगे सोलर पंप की चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम उदरलामी के एक खेत में लगे सोलर सिस्टम के उपकरण चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 30 सितंबर को ग्राम उदरलामी के जोगिंद्रो बरिहा के खेत लगे सोलर सिस्टम से पुरानी इस्तेमाली सोलर पंप मोटर कीमत करीबन 18000 रुपए, स्टार्टर कीमत 2000 रुपए, केबल तार कीमती करीबन 2000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम खुर्सीपहार में महुआ शराब बेच रहे एक युवक को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिसने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम खुर्सीपहार विद्या सरिया के खेत स्थित बोर के पास में बिकी करने के लिए शराब रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम रोशन कुमार पिता सुभाष कुमार (26 साल) खुर्सीपहार होना बताया। आरोपी के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बोलेरो की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** रात में टहलने निकला एक व्यक्ति बोलेरो की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोरी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 3 सरायपाली निवासी प्रकाश जोगी ने बताया 03 सितंबर की रात करीबन 09-10 बजे उसके पिताजी नरेश जोगी घर से टहलने के लिए निकले थे, वापस घर की ओर आ रहे थे, तभी बस्ती सरायपाली पोस्ट ऑफिस रोड के पास सरायपाली के पास बोलेरो 102 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीपी 0577 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके पिताजी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से उनका बायां पैर फैक्चर हो गया, साथ ही सिर, सीना एवं दोनों हाथ, कमर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में पति पत्नी घायल

**महासमुंद।** सरायपाली के भारती हॉस्पिटल के पास बाइक के एक कार से टकराने से पति-पत्नी घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम जलगढ़ निवासी एलीसीवा तांडी ने बताया कि 03 अक्टूबर को वह अपने पति टीकाराम तांडी एवं पुत्र लव तांडी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 1130 से अपने गांव जलगढ़ से सरायपाली काम से आये थे। मोटर सायकल को उसके पति टीकाराम तांडी चला रहे थे। सरायपाली के भारती हॉस्पिटल के पास आगे चल रही कार क्रमांक सीजी 06 जीआर 5705 के चालक वाहन को अचानक बिना सिग्नल दिये लापरवाही पूर्व मोड़ दिया, जिससे मोटर सायकल कार से जाकर टकरा गई। घटना में उसके कमर में एवं पति टीकाराम तांडी के दाहिना पैर में चोट आई। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

# दुर्गा प्रतिमाओं की बढ़ी मांग, दिन-रात अंतिम रूप देने में जुटे कारीगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शारदीय नवरात्र के आगमन के साथ ही जिले में दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। शहर से लेकर गांवों तक जगह-जगह दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूजा समितियों ने पंडालों की तैयारी के साथ ही प्रतिमाओं की तलाश शुरू कर दी है। वहीं मूर्तिकार भी मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हुए हैं।



जिला मुख्यालय से लगे ग्राम साराडीह के मूर्तिकार शंभू पुरैना कई वर्षों से दुर्गा सहित विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 10 हजार से लेकर 40 हजार रुपए तक की दुर्गा प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप देने के लिए पारंपरिक कला के साथ आधुनिक रंग-रूप का भी समावेश किया जा रहा है। प्रतिमाओं की सजावट में आकर्षक पोशाक, आभूषण और विशेष रंगों का उपयोग किया जा रहा है।

## मूर्ति बनाने की लागत बढ़ी, 10 से 40 हजार रु. तक की प्रतिमाएं तैयार कर रहे मूर्तिकार

### बढ़ी प्रतिमाओं की मांग

धार्मिक आस्था और श्रद्धा का पर्व शारदीय नवरात्र इस बार 11 अक्टूबर से शुरू होगा। नवरात्र के नजदीक आते ही दुर्गा प्रतिमाओं की मांग बढ़ने लगी है। नगर के कुम्हारपारा सहित आसपास के गांवों में मूर्तिकारों की बस्तियों में इन दिनों विशेष रौनक देखने को मिल रही है। कारीगर मिट्टी से प्रतिमा तैयार करने से लेकर रंग-रोगन और सजावट तक के काम में व्यस्त हैं। समितियों की पसंद के अनुसार प्रतिमाओं को अलग-अलग स्वरूप और आकार दिया जा रहा है।



### कच्ची सामग्री महंगी

मूर्तिकार शंभू पुरैना ने बताया कि इस वर्ष प्रतिमा निर्माण में उपयोग होने वाली कच्ची सामग्री की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। खासकर रंग, अभ्रक, रंगीन कपड़े सहित अन्य सजावटी सामग्रियां महंगी हुई हैं। इसके चलते प्रतिमाओं की लागत भी बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष कच्ची सामग्री के दाम बढ़ने से मूर्तियों की कीमत में भी इजाफा करना पड़ रहा है। इसके बावजूद नवरात्र को लेकर समितियों में उत्साह बना हुआ है और प्रतिमाओं की बुकिंग का सिलसिला जारी है।

निर्देश : शहरी क्षेत्र में लग चुके हैं कैमरे, ग्रामीण क्षेत्रों में आंशिक जगहों पर ही लगना शेष

# मेडिकल संचालकों को रखनी होगी 90 दिन की सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'ड्रग्स रूल्स-1945' में संशोधन करते हुए 8 सितंबर को नोटिफिकेशन जारी किया है। जिले की बात करें तो तकरीबन 600 दुकानें जिनमें शहरी और ग्रामीण दोनों शामिल हैं, के शहरी क्षेत्र में यह कार्य पूरा हो चुका है लेकिन, ग्रामीण इलाकों की आंशिक दवा दुकानों में यह सेटअप अब तक नही लग पाए हैं। कैमरे लगवाए जाने के पीछे मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर के पर्चे वाली दवाओं, विशेषकर नींद की दवाए, डिप्रेशन, घबराहट, मिर्गी, गर्भपात की दवाएं, एंटीबायोटिक की बिक्री की निगरानी करना और बच्चों को गलत तरीके से दवा बेचे जाने पर रोक लगाना है।



नए नियम के तहत हर मेडिकल स्टोर पर 6 से 8 कैमरे, डीवीआर और इंटरनेट कनेक्शन का पूरा सेटअप लगाना होगा, जिस पर करीब एक लाख रुपए तक का खर्च आएगा। यदि कैमरा बंद मिला या 90 दिन की रिकॉर्डिंग नहीं मिली, तो लाइसेंस पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन, इस कड़े नियम के अमल पर एक बड़ा व्यावहारिक सवाल खड़ा हो गया है। जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को मिलाकर कुल 600 से ज्यादा मेडिकल स्टोर्स संचालित हैं, जबकि इनकी निगरानी के लिए जिले में सिर्फ 1 ड्रग इंस्पेक्टर मौजूद हैं इनकी रिकॉर्डिंग की जांच आखिर कैसे होगी?

ड्रग इंस्पेक्टर अखिलेश पाण्डेय ने बताया है कि अधिकांश स्थानों पर कैमरे लग चुके हैं। जिनकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कैमरे लगने से दुकानों में बिना पर्ची या नारकोटिक्स दवाओं की बिक्री में कमी आई है, और आगे लगातार जांच से काफी हद तक और सुधार होंगे।

### आर्थिक बोझ व मरीजों की निजता

कैमरे की खराबी या फुटेज न दे पाने को सीधे तौर पर लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा। मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों की मानें तो इस फैसले से छोटे मेडिकल स्टोर्स पर भारी आर्थिक बोझ पड़ेगा। खासकर ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में बिजली, इंटरनेट और तकनीकी खराबी की समस्या आम है। दूसरी ओर, मरीजों की निजता (प्राइवेसी) को लेकर भी गहरी चिंताएं हैं। कई बार मरीज संवेदनशील दवाएं लेते समय फार्मासिस्ट से अपनी बीमारी पर एकांत में चर्चा करते हैं, ऐसे में सीसीटीवी फुटेज से ऐसी व्यक्तिगत जानकारियां लीक होने का खतरा होगा।

### ये हैं प्रस्तावित नियम के मुख्य बिंदु:

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'ड्रग्स रूल्स-1945' में संशोधन करते हुए 8 सितंबर को नोटिफिकेशन जारी किया है। सरकार ने जनता और विशेषज्ञों से 30 दिन में सुझाव और आपत्तियां मांगी हैं। इसके बाद अंतिम अधिसूचना जारी होगी। संशोधन के अनुसार सभी लाइसेंसी खुदरा मेडिकल स्टोर्स को सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग कम से कम 90 दिन सुरक्षित रखनी होगी (यह नियम थोक विक्रेताओं पर लागू नहीं होगा)। ताकि जरूरत पड़ने पर ड्रग इंस्पेक्टर या अन्य जांच एजेंसियां टाइम-स्टैम्प्ड वीडियो फुटेज की जांच की जा सके।

### ग्रामीण मेडिकल संचालकों पर पड़ेगा भार

केंद्र सरकार ने देशभर के सभी खुदरा (रिटेल) मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसका मुख्य उद्देश्य बिना डॉक्टर के पर्चे वाली दवाओं (विशेषकर एंटीबायोटिक, शेड्यूल एच, एच1 और एक्स की दवाएं) की अवैध बिक्री रोकना और बच्चों को गलत तरीके से दवा बेचने पर अंकुश लगाना है। नए नियम के तहत प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर 6 से 8 कैमरे, डीवीआर और इंटरनेट कनेक्शन का सेटअप लगाना होगा, जिस पर लगभग 1 लाख रुपए तक का खर्च आएगा।

# कार से टक्कर, बाइक चालक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दोपहिया वाहने के ठीक आगे चल रहे मेटाडोर को ओवरटेक कर आगे बढ़ने के फेर में युवक की बाईक सामने से आ रही क्रेटा कार से जा टकराई और 18 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार शाम ग्राम खरोरा के पास स्थित सांस्कृतिक भवन के नजदीह हाईवे 353 में हुई।

हादसा इतना भीषण था कि 18 वर्षीय बाइक सवार कुनाल नेताम की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर क्रेटा के अगले हिस्से में जा फंसी। इसके बाद बाइक करीब 20 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। बता दें कि मृतक की पहचान पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरंड निवासी पुलिस कांस्टेबल मोतीलाल नेताम के बेटे कुनाल नेताम के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, कुनाल बाइक क्रमांक सीजी 06 एचएच 0335 से घोड़ारी की ओर से महासमुंद शहर की तरफ आ रहा था।

इसी दौरान उसने सामने चल रहे मेटाडोर को ओवरटेक करने के प्रयास में वह क्रेटा कार क्रमांक सीजी 07 सीजेड 8444 के सामने आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मेटाडोर की वजह से कुनाल को सामने से आ रही कार नही दिखी और बाइक सीधे कार के ड्राइवर की ओर के हिस्से से जा टकराई। कहा जा रहा है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी।



मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने प्रारंभिक जांच में बाइक की गति करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे होने का अनुमान जताया है। क्रेटा कार में भिलाई के रामनगर मुक्तिधाम निवासी राहुल चौधरी, पिता पुनीत राम चौधरी तथा पुनीत राम चौधरी, पिता क्षमता निधि चौधरी सवार थे। हादसे में कार में बैठे किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे से जुड़े साक्ष्य जुटाए। शाम होने के कारण सोमवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

# अज्ञात कार की टक्कर से युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अज्ञात कार की टक्कर से युवती की मौत के मामले में कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। कोमाखान पुलिस को बाम्हनडीह के गौरव साहू ने बताया कि 4 अक्टूबर को उसके गांव के चाचा सुखदेव साहू ने बताया कि तुम्हारी दीदी हीराबाई साहू का सुअरमाल के पास एनएच 353 रोड में एक्सीडेंट हो गया है।

इसके बाद वे दोनों बागबाहरा अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी दीदी का शव रखा हुआ था। प्रार्थी ने बताया कि उसकी दीदी हीराबाई साहू पिता स्व गोविंद साहू (27 साल) ग्राम बाम्हनडीह विगत 04 माह पूर्व बड़ी दीदी-जीजा के घर ग्राम सिर्री गई थी और 04 सितंबर को ग्राम सिर्री से पैदल बाम्हनडीह के लिए निकली थी, एनएच 353 रोड ग्राम सुअरमार इमली पेड़ के पास शाम करीबन 4 बजे खरियार रोड की ओर से आ रहे अज्ञात कार चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर हीराबाई साहू को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# वन्यप्राणी के अवैध शिकार के प्रकरण में दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय के आदेश पर भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वनमंडलाधिकारी महासमुंद श्रीनिवास तन्नेटी के निर्देशन में संयुक्त वनमंडलाधिकारी उदेराम बसंत के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली प्रत्युष टांडेय के कुशल नेतृत्व में वन विभाग द्वारा वन्यप्राणी के अवैध शिकार के प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से न्यायालय के आदेशानुसार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

वन सुरक्षा श्रमिकों की सूचना के आधार पर परिसर बहेरापाली के कक्ष कमाक 348 और गोमर्डा अभ्यारण्य सीमा से लगे क्षेत्र में विद्युत प्रवाहित जीआई तार से अवैध शिकार करने की सूचना प्राप्त हुआ। उपरांत सहायक परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली, परिसर रक्षी बेहरापाली एवं सहयोगी सुरक्षा श्रमिकों के साथ शाम 4:30 बजे परिसर बहेरापाली के कक्ष कमाक 348 और गोमर्डा अभ्यारण्य



सीमा से 300-400 मी. की दूरी पर 01 नग वन्यप्राणी नील गाय (मादा) मृत मिला, जिसे जब्त कर पतासाजी करने पर अभियुक्तों बुधराम बरिहा पिता गोवर्धन बरिहा जाति बिझवार 40 वर्ष ग्राम मोहनमुडा एवं सुकलाल कुजूर पिता दासु कुजूर 55 वर्ष ग्राम मोहनमुडा थाना सरायपाली द्वारा विद्युत प्रवाहित जीआई तार से अवैध शिकार करना स्वीकार किया गया। अभियुक्तों द्वारा अपना वन अपराध स्वीकार किया गया। दोनों अभियुक्तों से एक नग वन्यप्राणी नील गाय (मादा), जीआई तार लगभग 03 किग्रा जब्त कर वन अपराध दर्ज किया गया है। उनके विरूद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 एवं धारा 9 की सहपठित धारा 2 (16) (क) (ख) (ग), धारा 39 (3) (क), 39 (3) (ग), धारा 51 एवं धारा 52 के तहत कार्यवाही की जा रही है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सरायपाली के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। प्रकरण में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की संभावना को देखते हुए विवेचना जारी है। वन विभाग द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं अवैध शिकार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सतत गश्त एवं निगरानी की जा रही है। वन्यजीवों के अवैध शिकार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

महासमुंद ने जूनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में जीते 4 पदक

# तीरंदाजी में चांदनी एवं पद्मा ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन द्वारा 26वीं राज्य स्तरीय जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन साइंस कॉलेज रायपुर में रविवार को आयोजित किया गया, जिसमें जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर महासमुंद के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने इंडियन राउंड, रिकर्व राउंड एवं कंपाउंड राउंड में भागीदारी किया। महासमुंद जिले के रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड में जयंत ठाकुर, उमेश बरिहा, डोमेश्वरी साहू, चांदनी साहू, पद्मा साहू, नवलीन कौर, जया साहू तथा इंडियन राउंड में वैशाली साहू, चांदनी साहू, तृषा प्रजापति, जया पहाटिया, कमलेश साहू, ओम प्रकाश, अमर शबर, गजेंद्र, टूकेश, कुशो राम, लोकेश निषाद शामिल हुए।



चैंपियनशिप में जिले से बालक वर्ग में बागबाहरा के कमलेश साहू ने इंडियन राउंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालिका रिकर्व राउंड में महासमुंद जिले ने 02 पदक अपने नाम किया। जिसमें बागबाहरा की चांदनी साहू ने सर्वाधिक अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता एवं बागबाहरा की जया साहू ने कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल किया। कंपाउंड राउंड में बागबाहरा की पद्मा साहू ने सर्वाधिक अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल किया। बालिका इंडियन राउंड में बागबाहरा की वैशाली साहू ने चौथा स्थान प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को टी शर्ट एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी विजेता तीरंदाज 46वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप 21 से 28 अक्टूबर 2026 तक जयपुर राजस्थान में आयोजित स्पर्धा में शामिल होंगे। राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में भागीदारी करने एवं पदक विजेता खिलाड़ियों को भारतीय तीरंदाजी संघ उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ विकास अग्रवाल, सचिव एवं एनआईएस तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, बॉल आश्रम बिहाझर छात्रावास अधीक्षक डॉ पुनेंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, रंजीत छाबड़ा, मुकेश बेगड़, रिंकल बग्गा, पीरित राम साहू, संजय सोनवानी, सोमनाथ साहू, फूल दास पहाटिया, भोपाल सिंह बंजारा, संजय पैकरा, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर व बॉल आश्रम बिहाझर के समस्त खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

# जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, डीन डॉ. रेणुका गहने एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बसंत कुमार माहेश्वरी द्वारा जिला चिकित्सालय के फिजियोथैरेपी विभाग में दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड की उपयोगिता एवं इससे मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई। जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को उनकी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुरूप छड़ी एवं वॉकर जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। साथ ही उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली के लिए फिटनेस बुक प्रदान कर नियमित व्यायाम, स्वास्थ्य देखभाल एवं फिटनेस के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं निःशुल्क दवा वितरण किया गया। स्टाफ नर्स द्वारा ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, शारीरिक सक्रियता एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा और आवश्यक परामर्श दिया गया। फिजियोथैरेपी विभाग में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. योगिता बाला पटेल एवं उनके सहयोगी देवकुमारी साहू तथा रणजीत नारंग द्वारा कुल 53 वरिष्ठ नागरिकों को फिजियोथैरेपी सेवाएं प्रदान की गईं।

## खबर संक्षेप

### खरीफ 2026 में दलहन-तिलहनी फसलों के रकबे में हुआ विस्तार

**महासमुंद।** जिले में कृषि विभाग द्वारा धान के साथ-साथ दलहन एवं तिलहनी फसलों के रकबे में विस्तार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि खरीफ 2026 में किसानों द्वारा मूंगफली, मूंग, उड़द एवं अरहर की फसलों की बोनी की गई है। इन फसलों की खरीदी इस वर्ष पंजीकृत किसानों से किए जाने की तैयारी है। कृषि विभाग ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीयन कराने का आग्रह किया है। रकबा सत्यापन के आधार पर फसलों की खरीदी प्रारंभ की जाएगी। खरीफ 2026 में जिले में मूंगफली की 2,559 हेक्टेयर, मूंग की 1,755 हेक्टेयर, उड़द की 6,980 हेक्टेयर तथा अरहर की 545 हेक्टेयर में बोनी की गई है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को दलहन एवं तिलहनी फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। गत वर्ष खरीफ एवं रबी मौसम में भी किसानों द्वारा धान के साथ वैकल्पिक फसलों की खेती की गई। वर्ष 2025-26 में चना 632 हेक्टेयर, मसूर 570 हेक्टेयर तथा सरसों 1,413 हेक्टेयर में बोई गई थी। इस वर्ष धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहनी फसलों का रकबा और अधिक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि विभाग द्वारा बीज की आवश्यकता का प्रस्ताव बीज निगम को भेजा गया है।

### वरिष्ठ नागरिकों को शॉल श्रीफल एवं छड़ी प्रदान कर किया सम्मानित

**महासमुंद।** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का जिला स्तरीय आयोजन स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन, बागबाहरा रोड में किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 600 वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता की। वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के साथ उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं गरिमापूर्ण जीवन से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

# सरायपाली में हुई छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की जिला बैठक, आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला महासमुंद की महत्वपूर्ण जिला बैठक गुरुजी ध्यान केंद्र (मंदिर स्कूल) सरायपाली में आयोजित की गई। बैठक कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य, उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन के विशेष आतिथ्य तथा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पटेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव जयराम पटेल द्वारा किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए पदाधिकारी एवं सक्रिय शिक्षकगण उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय महिला शिक्षक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की विस्तृत समीक्षा की गई। सम्मेलन के आयोजन, व्यवस्थाओं, सहभागिता तथा आगामी कार्यक्रमों के संबंध में पदाधिकारियों द्वारा अपने विचार एवं सुझाव रखे गए। साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान समारोह को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रांतीय सम्मेलन से संबंधित आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। संगठन में पारदर्शिता एवं वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। आगामी समय में सदस्यता अभियान को गति देने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई। विशेष अतिथि उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि शिक्षकों के हितों, सम्मान और अधिकारों के लिए कार्य करने वाला सशक्त मंच है। संगठन की मजबूती प्रत्येक सदस्य की सक्रियता और



आपसी एकजुटता पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें तथा संगठन की गतिविधियों को प्रत्येक शिक्षक तक पहुंचाएं। उन्होंने सदस्यता अभियान को मजबूत करने, महिला शिक्षकों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान की परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया। सेन ने कहा कि शिक्षकों से जुड़े विषयों एवं समस्याओं को संगठनात्मक स्तर पर मजबूती से उठाने के लिए सभी साथियों का एकजुट रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय, संवाद और अनुशासन के माध्यम से संगठन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। मुख्य अतिथि कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी ने संगठन की एकजुटता एवं शिक्षक हितों के लिए निरंतर सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने आगामी कार्ययोजना को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार पटेल ने महासमुंद जिले में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। जिला सचिव जयराम पटेल ने बैठक का संचालन करते हुए विभिन्न विषयों को क्रमवार प्रस्तुत किया तथा बैठक में लिए गए निर्णयों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। अंत में सरायपाली ब्लाक अध्यक्ष किशोर कुमार रथ ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। बैठक में अशोक शर्मा, राजेश शर्मा, आर के इंगोले, चंद्रहास पात्र, नारायण प्रसाद नायक, टोपसिंग पटेल, भागवत जगत, सरिता दानी, मनोज राणा, प्रकाश मांझी, भगोलीराम साहू, कुबेर सिंह साहू, सीएल पुहुप, पीके ग्वाल, जयंत बारीक, जितेंद्र रावल, बसंत साहू, लिंगराज देवांगन, करुणा साहू, सीताराम कुमार, हेमंत चौधरी, चेतनसिंह दीवान, जानकीजीवन प्रधान, दुर्गा प्रसाद पटेल, नरसिंह खूंटे, हरिचरण चौधरी, दिनेश दास, मुकेश गुप्ता, चक्रधर डडसेना सहित जिला एवं विकासखंड स्तर के पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**आयोजन:** बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में हुआ नावाखाई जोहार भेंट-मिलन समारोह

# नावाखाई जोहार भेंट में उमड़ा राजगोंड समाज का जनसैलाब, दिखाई एकजुटता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा




खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी राजगोंड समाज सुवरमाल राज हाथीबाहरा के तत्वावधान में बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में नावाखाई जोहार भेंट-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सातों सर्कल के राजगोंड समाज परिवारों के साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं समाज के प्रमुखजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव नायकराम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा रहे। वहीं अतिविशिष्ट अतिथि भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद एवं तरुण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलाराम ठाकुर अध्यक्ष आदिवासी राजगोंड समाज सुवरमाल राज ने की। विशिष्ट अतिथि मधुलिका गणेश चंद्राकर एवं भूमिका रामलाल सिन्हा सभापति जनपद पंचायत बागबाहरा, एमएल मंडावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी बागबाहरा, खूबचंद वर्मा जनपद पंचायत बागबाहरा, रिंकू चंद्राकर पूर्व सरपंच एवं एडीसन ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत बाघामुंडा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह में मानबाई मंगलू ठाकुर, गौरी मुकेश ठाकुर, छत्तरसिंह सोरी, गौतम नेताम, नाथुराम महानंद, निशा सागर चंद्राकर, शांति माझी, माधो माझी एवं रामबाई ठाकुर सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित इस आयोजन में समाजजनों ने नावाखाई जोहार की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। पारंपरिक संस्कृति, सामाजिक भाईचारे और आपसी एकता का संदेश देते हुए समाज की परंपराओं को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का सबसे खास आकर्षण समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान रहा।

कक्षा 10वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं तथा नवोदय, एकलव्य एवं प्रयास जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने तथा समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दशोदा बाई सोरी, सचिव किरन नेताम एवं उपाध्यक्ष टंकेश्वरी मरकाम सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे। समाज प्रमुख सचिव रामचरन मरकाम, सहसचिव केवल नेताम, विद्याधर सोरी, माधव मांझी, संतराम नेताम, किशोर नेटी, हिराधर मरई, प्रेमलाल नेताम, मयाराम मरई, केवल पोर्टी, खेमलाल नेटी, फग्गु नेताम, सोनू नेताम, सोनसाय नेताम, त्रिपत जगत, मधु मरकाम, ललत नेटी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बूढ़ादेव मंदिर के पुजारी रामसाय ओटी, भोजराम जगत, ब्रह्मदेव मांझी, रुद्रे नेताम एवं जीवन मांझी सहित मंदिर से जुड़े प्रमुखजनों की भी उपस्थिति रही। सातों सर्कल के राजगोंड समाज परिवारों की भारी उपस्थिति ने समारोह को भव्य रूप प्रदान किया।

आयोजक आदिवासी राजगोंड समाज सुवरमाल राज, हाथीबाहरा की ओर से सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, विद्यार्थियों एवं समस्त समाज परिवार का आभार व्यक्त किया गया। समारोह ने राजगोंड समाज की एकता, सामाजिक समरसता, गौरवशाली संस्कृति और शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रभावशाली संदेश दिया।

### नवनिर्मित सामाजिक भवन का उद्घाटन, भूमिपूजन एवं नुआखाई मिलन समारोह का आयोजन



**बागबाहरा।** मगधा यादव समाज खल्लारी द्वारा खल्लारी में नवनिर्मित सामाजिक भवन के उद्घाटन सह भूमिपूजन एवं नुआखाई स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव रहे। विधायक ने सामाजिक भवन का उद्घाटन-भूमिपूजन करते हुए समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुंदर यादव ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में समाज के जिलाध्यक्ष शरदराज हंस, दौलतराम यदु, संतोष यादव, धरमराज यादव, मनोहर यादव, रामसिंग यादव एवं लोचन प्रसाद यादव उपस्थित रहे। समारोह में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर सामाजिक भवन को समाज की गतिविधियों, बैठकों एवं विभिन्न सामाजिक आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा बताया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित नुआखाई स्नेह मिलन समारोह में समाज के लोगों ने आपसी मेल-मिलाप और भाईचारे के साथ हिस्सा लिया। विधायक यादव ने समाज में एकता बनाए रखने, सामाजिक परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने तथा नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने समाजजनों को संबोधित करते हुए सामाजिक भवन के निर्माण को समाज के लिए उपयोगी पहल बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे भवन सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ समाज के लोगों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सेवा ही संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका बागबाहरा में सेवा सेतु शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

सेवा ही संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बागबाहरा परिसर में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करना रहा।



शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, निराश्रित पेंशन योजना सहित राशन कार्ड, आधार कार्ड, महिला एवं बाल विकास, विद्युत विभाग तथा अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं के लिए हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

शिविर में कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से विद्युत विभाग के 05, स्वास्थ्य विभाग 19, परिवहन विभाग 02, खाद्य विभाग 02, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 01, समाज कल्याण 01, राजस्व विभाग, 02 नगर पालिका के 66 आवेदन प्राप्त हुये है। उक्त शिविर में खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा 15 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन अनुज्ञा जारी किया गया। शिविर में नगर पालिका उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण एवं एल्डरमेंनगण एवं डॉली ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष, बागबाहरा उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा बताया गया कि सेवा ही संकल्प अभियान 2026 के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सुगमता से पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए इस प्रकार के शिविर निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# शिशु संस्कार केंद्र में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**महासमुंद।** स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं सहित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान दोनों महापुरुषों का राष्ट्र निर्माण में योगदानष विषय पर निबंध लेखनए तात्कालिक भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। निबंध लेखन हायर सेकेंडरी स्तर में कुमकुम चंद्राकार ने प्रथम तथा अंजलि पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल स्तर से दीपिका नायक प्रथम एवं अंजलि शाह द्वितीय रहीं। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में मोहित पटेल ने प्रथम व नेहाल टंडन ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मोहित पटेल प्रथम तथा लक्ष्य देवांगन द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतिस्पर्धाओं के समापन पर सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में लायंस क्लब के तत्वावधान एवं चिकित्सा विभाग के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्शए उपचार एवं दवाइयां सुझाईं। लायन्स क्लब के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आंखों की उचित देखभाल और नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं विद्यालय की प्राचार्या सरला सोनी ने गांधी और शास्त्री के आदर्शों, सादगी और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

# भाजपा के डबल इंजन सरकार में खल्लारी को मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 32.96 करोड़ के सड़क विकास कार्यों को मिली

भाजपा की डबल इंजन सरकार में खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार गति मिल रही है। इसी क्रम में सड़क अधोसंरचना को मजबूत बनाने की दिशा में क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। दो महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्यों के लिए कुल 32 करोड़ 96 लाख 43 हजार की स्वीकृति से क्षेत्र में आवागमन की सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है।



आवराडबरी-कोमा-कोलदा-खुसरूपाली मार्ग के किमी 7 से 14 तक 8.00 किलोमीटर सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 1338.28 लाख (13 करोड़ 38 लाख 28 हजार) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं भुरकोनी-खड़ादरहा मार्ग के 10.25 किलोमीटर चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के लिए 1958.15 लाख (19 करोड़ 58 लाख 15 हजार) की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इन महत्वपूर्ण सड़क विकास कार्यों से खल्लारी विधानसभा के ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को बेहतर और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही गांवों की मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी मजबूत होगी और क्षेत्र में विकास की गतिविधियों को नई गति मिलेगी। इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति के प्रति आभार जताया है। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा के पदाधिकारियों का भी आभार, जिनके सतत प्रयास एवं सहयोग से क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति मिल रही है।

# बुंदेलहीनपाट में हुआ आदिवासी बिंझवार समाज का करमसेनी नवाखाई भेंट-घाट कार्यक्रम

**पिथौरा।** ग्राम बुंदेली में आदिवासी बिंझवार समाज भुरकोनी सर्कल के तत्वावधान में ग्राम बुंदेलहीनपाट में करमसेनी नवाखाई भेंट-घाट एवं सामाजिक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।





कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के आराध्य देवी मां विन्यगिरीवासिनी देवी और करमसेनी माता की पूजा-अर्चना एवं नवा धान की पूजा के साथ हुआ। इसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार अतिथियों और समाज के लोगों का स्वागत किया गया। इस दौरान पीला चावल और पीला गमछा भेंट कर सम्मान और सत्कार की परंपरा निभाई गई। पारंपरिक तरीके से हुए इस स्वागत ने समारोह में सामाजिक और सांस्कृतिक रंग को और गहरा कर दिया। समारोह में महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मांदर की थाप और पारंपरिक गीत-संगीत के बीच कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोह लिया और पूरा गांव आदिवासी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रममें प्रेमसिंह विंध्यराज निर्वाचन अधिकारी अखिल छत्तीसगढ़ बिंझवार समाज, अशोक बिंझवार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, द्वारकाधीश यादव विधायक खल्लारी, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुन्द, परमेश्वर बिंझवार प्रदेश अध्यक्ष अखिल छत्तीसगढ़ बिंझवार समाज, दशरथ बिंझवार प्रदेश सलहकार, ईश्वर बिंझवार शिक्षक, हेमलता बिंझवार शिक्षिक, मनराखन ठाकुर अध्यक्ष कार्यकारिणी कौड़ियां महासंग, अजय बिंझवार अध्यक्ष बिंझवार समाज कौड़ियां राज, दयाराम बरिहा अध्यक्ष बिंझवार समाज कौड़ियां राज, मीडिया क्रियेटर रश्मि बिरको कोरबा, विश्वनाथ बिंझवार अध्यक्ष सूवरमाल राज, श्यामलाल बिंझवार अध्यक्ष खल्लारी राज, रमेशचन्द्र श्याम प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा, जितलाल बिंझवार विधायक प्रतिनिधि पाली तानाखार, राजेंद्र पालके जिला अध्यक्ष बिलासपुर, नरेन्द्र साव उपस्थित थे।

आयोजन के दौरान पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों के संरक्षण की मजबूत तस्वीर भी देखने को मिली। नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और पारंपरिक पर्वों की महत्ता को आगे बढ़ाने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। बुंदेली में आयोजित इस समारोह ने न केवल नवाखाई पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत किया, बल्कि बड़ी संख्या में ग्रामीणों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत किया। कार्यक्रम का संचालन हिमसागर बिंझवार एवं कार्तिक राम बिंझवार ने किया। कार्यक्रम में नैनसिंह बिंझवार, मंशाराम बिंझवार, मोहन बिंझवार, कन्हैया बिंझवार, धनऊ बिंझवार, बंशीलाल बिंझवार, चंदनसिंह बिंझवार, सूरजचंद बिंझवार, संतराम बिंझवार, मेहत्तर बिंझवार, माखनलाल बिंझवार, चमारराय, अंजोरसिंह, धरम सिंह, लेखड, इंद्रजीत, मलखम, मेंबर रामायण बिंझवार, आमरू, पुनउ, काशीराम, टोपसिंह, कीर्तन, फिरंता, मूलचंद, घसीराम, सनतराम, मनीराम, निरऊ, जीवन, मेहत्नु, लक्ष्मण, उत्तरकुमार, नंदलाल, गोवर्धन, मानसिंह, मनीराम, डेरहा, गनेसु, मनोज, मोहित, सुकदेव, सार्तिको, कुंजकुमार, अनतराम, नंदकुमार, सुधारू मौजूद रहे।

# श्रेय की राजनीति छोड़ें भाजपाई पहले रिकॉर्ड तोड़ महंगाई पर जवाब दें : मोती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने कहा है कि खल्लारी की जनता द्वारा लगातार दो बार कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव को दिए गए भारी जनसमर्थन को भाजपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। चुनाव में जनता द्वारा पूरी तरह नकारे जाने के बाद अब भाजपा की पूर्व प्रत्याशी अलका चंद्राकर और स्थानीय भाजपा नेता विधायक के प्रयासों से स्वीकृत कार्यों का ढिंढोरा पीटकर झूठा श्रेय लेने की होड़ में लगे हैं। जांगड़े ने भाजपा की तथाकथित ₹डबल इंजन सरकार₹ को घेरते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश की आम जनता भाजपा सरकार की नीतियों और बेतहाशा महंगाई से बुरी तरह परेशान है। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने मिलकर जनता को महंगाई के दलदल में जकड़ दिया है। जांगड़े ने स्पष्ट किया कि खल्लारी विधानसभा के विधायक द्वारिकाधीश यादव के सतत प्रयासों से क्षेत्र की दो अत्यंत महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 3296 करोड़ की शासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसमें भुरकोनी से से खड़ादरहा मार्ग– स्वीकृति राशिः 1958 करोड़ एवं आंवराडबरी-कोमा-कोल्दा-खुसरूपाली मार्ग– स्वीकृति राशिः 1338 करोड़ रुपए। कांग्रेस नेता ने कहा कि काम किसी और का और फीता काटने व फोटो खिंचवाने की होड़ भाजपा की पुरानी आदत बन चुकी है।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्र-भारत मंडला पर विशाल रंगोली प्रतियोगिता आज

**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं जनभागीदारी आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 06 अक्टूबर 2026 को जिले में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशाल रंगोली राष्ट्र/भारत मंडला 76×76 का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर महासमुंद जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित रंगोली राष्ट्र प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रभावना, एकता एवं देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त करते हुए आकर्षक रंगोलियों का निर्माण किया गया है। नोडल अधिकारी द्वारा विशाल रंगोली राष्ट्र/भारत मंडला निर्माण के लिए संबंधित प्राचार्यों को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला कल से

**महासमुंद।** कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 07 एवं 08 अक्टूबर 2026 को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। 08 अक्टूबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विभिन्न रोजगार मेले, संस्थागत प्लेसमेंट कैंपों एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया जाना प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय रोजगार मेले के लिए विभिन्न कम्पनियों एवं प्लेसमेंट संस्थओं से 93 नियोजकों के माध्यम से कुल 12566 रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त हुई है। सभी भर्तियां ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है। मेले में मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिकल इंजीनियर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कंप्यूटर ऑपरेटर, नर्सिंग स्टाफ, सुरक्षा गार्ड, डिलिवरी बाय सहित विभिन्न पदों पर योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा इंजीनियरिंग (बीई/बीटेक), कृषि स्नातक, सामान्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर (एमबीए, एमसीए) पास अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं।

### बोड़रीदादर में कॉलेज की स्थापना की मांग

**कोमाखान।** ग्राम बोड़रीदादर में कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर ग्रामवासियों एवं बालिकाओं ने सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद को एक पत्र सौंपा है। ज्ञापन में सांसद रूपकुमारी चौधरी को ग्रामवासियों ने बताया कि शिक्षा के लिए पब्लिक हाईस्कूल खोलकर क्षेत्रवासियों को अपना यह योगदान दिया है। वहीं आज के समय में बालिकाएँ 25 किलोमीटर का सफर तय कर कॉलेज की पढ़ाई करने जाने विवश है। बोड़रीदादर क्षेत्र के प्रायः गरीब वर्ग के लोगों की बालिकाओं को इतनी दूर आने व जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### विकास कार्यों की स्वीकृति पर ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

# सड़क निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी आवाजाही में सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

क्षेत्र में रोड निर्माण सहित विभिन्न

- साराडीह के ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रति जताया आभार



विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर ग्राम साराडीह के ग्रामीणों ने सोमवार को विधायक कार्यालय पहुंचकर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र में सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इन कार्यों के स्वीकृत होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी तथा आमजनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से मैं क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध हूं। ग्रामीणों ने बताया कि एनएच 353 से साराडीह-बरोंडाबाजार पहुंच मार्ग की स्वीकृति से ग्रामीणों में हर्ष है। सड़क निर्माण होने से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और क्षेत्र के लोगों को बारिश सहित अन्य मौसम में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। इसके अलावा गांव में सीसी रोड की स्वीकृति मिलने पर कहा कि गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ने के साथ ही लोगों को आवश्यक स्थानों तक आने-जाने में सुविधा होगी। विकास कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र के लोगों में उत्साह है और उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके अलावा कई सालों से गांव में ट्रांसफार्मर की मांग की जा रही थी। ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को राहत मिली है।

#### लगातार विकास कार्यों को मिल रही स्वीकृति

ग्रामीणों ने कहा कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शासन के समक्ष लगातार विकास कार्यों की मांग रखी जा रही है। जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि के प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार स्वीकृति मिल रही है। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, शहर मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेता राजू साहू, साराडीह उप सरपंच डेविड चेलक, रामनारायण साहू, छन्नूलाल साहू, झाड़ूराम साहू, पुसन साहू, भरत लाल साहू, मोतीराम साहू, पुरुषोतम चौहान, घासीराम रात्रे, खिलवान साहू, समारू साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

# साप्ताहिक गांधी पदयात्रा में सैंकड़ों लोग हुए शामिल, जय जवान जय किसान के लगे नारे




हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सत्य और अहिंसा के प्रथम संवाहक महात्मा गांधी एवं जय जवान जय किसान के उद्घोषक सादगी की प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सन 1945 से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ तिरंगा झंडा लेकर आजादी का शंखनाद करने वाले आंचलिक पदयात्रा के प्रेरणा पंडित जयदेव सतपथी एवं पंडित लक्ष्मण सतपथी द्वारा संचालित 82वीं वार्षिक गांधी पद यात्रा युवा समाजसेवी विद्याभूषण सतपथी एवं सहयोगियों नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्थल जयनगर तोषगांव में हुआ।

जन-जन की सहभागिता के साथ इस साप्ताहिक भव्य गांधी पदयात्रा में नायक ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम इतिहास के उन स्वर्णिम पृष्ठों को स्मरण कर रहे हैं जिसमें आजादी की इबारत लिखी है, जो किसी साधारण मसी (कलम) से नहीं अपितु हमारे पूर्वजों के शौर्य, त्याग और रक्त की बूंदों से लिखे गए हैं। भारत की यह पावन भूमि केवल एक भूभाग नहीं है,यह अनगिनत क्रांति चेतताओं की तपोभूमि है, जिन्होंने अपनी धमनियों के रक्त से स्वतंत्रता के कल्पवृक्ष को सींचा है और उन्हीं में से एक उत्सर्गमयी विभूति हुतात्मा पंडित जयदेव सतपथी हैं, जिन्होंने अपनी तरूणाई को देश के वेदी पर समिधा बना दिया। पंडित जयदेव सतपथी ने अंग्रेजों के विरुद्ध साहित्यिक प्रतिरोध, शिक्षा प्रसार और राष्ट्रीय सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व किया था, जब पराधीनता की काली रात गहरी थी, तब इन मतवालों ने इंकलाब के नारो से सोए हुए राष्ट्र की चेतना को झकझोर दिया था। उन हुतात्माओं का साहस कालजयी है, जिनकी हुंकार से साम्राज्यवादी सत्ता की नींव हिल गई थी।

नायक ने आगे कहा कि ग्राम तोषगांव की यह धरा पावन और धन्य है, जिसने पंडित जयदेव सतपथी जैसे उत्सर्गमयी विभूति को जन्म दिया है। यह हम सबके लिए सम्मान और गौरव की बात है। सतपथी और उनके कार्य सदैव अमर और वंदनीय रहेंगी। नायक ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, पंडित जयदेव सतपथी जैसे महान विभूतियों को स्मरण कर उनके तैलीय चित्र पर भावांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित किए। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने वक्तव्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अनेक गांधी, शास्त्री प्रेमी, मातृशक्ति, समाजसेवी,साहित्य सेवी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा ज्योति सम्मान से सम्मानित हुए जिले के दो शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





5 अक्टूबर विश्व शिक्षक दिवस पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्ट शिक्षण एवं उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों के सम्मान में भव्य राष्ट्रीय ऑनलाइन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 128 उत्कृष्ट शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर के 'शिक्षा ज्योति सम्मान' से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव एवं शासकीय प्राथमिक शाला कुहरी विकासखंड एवं जिला महासमुंद में कार्यरत सहायक शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू एवं विनय कुमार यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अभिनव प्रयोगों, नवाचारी शिक्षण विधियों तथा उत्कृष्ट शिक्षण योगदान के लिए प्रतिष्ठित शिक्षा ज्योति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य आयोजक एवं शिक्षा ज्योति की संस्थापक अर्चना शर्मा तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी डॉ राघवेंद्र सिंह राठौर द्वारा संयुक्त रूप से ऑनलाइन मंच के माध्यम से प्रदान किया गया। दोनों शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए आयोजकों ने उनके शैक्षणिक कार्यों की सराहना की। आयोजकों ने कहा कि जितेन्द्र कुमार साहू एवं विनय कुमार यादव ने ग्रामीण अंचल में शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और रचनात्मकता के विकास के लिए अनुकरणीय कार्य किए हैं। उनके नवाचारपूर्ण प्रयास एवं शिक्षा के प्रति निरंतर समर्पण अन्य शिक्षकों के लिए भी प्रेरणादायी हैं। शिक्षकों को राष्ट्रीय सम्मान पर मिलने पर विद्यालय परिवार, संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, सालिक राम सेन, संकुल समन्वयक आशीष साहू, नीरज साहू ने हर्ष जताया है।

# शहर के हाईस्कूल मैदान में 11 से होगा रास गरबा उत्सव, तैयारी में जुटी विहिप व सर्व हिंदू समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रास गरबा उत्सव के आयोजन को

- आज फिर होगी बैठक, शहर के लोगों को किया आमंत्रित



लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज की आवश्यक बैठक राम मंदिर में रखी गई। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी हाईस्कूल मैदान में रास गरबा दुर्गावाहिनी रास गरबा उत्सव के नाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। रास गरबा इस वर्ष 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 7 से 10 बजे तक निशुल्क आयोजित होगा। जिसमें पुरुषों के लिए कुर्ता पाजामा एवं महिलाओं के लिए गरबा परिधान, सलवार सूट या साड़ीअनिवार्य होगा।

गरबा प्रतिदिन मां की आरती से प्रारंभ होगी और मां की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समाप्त होगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने सभी कार्यकर्ताओं को भगवा वस्त्र के साथ चंदन वंदन एवं हिंदू परिधान में कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है। कार्यक्रम के अन्त में गरबा प्रतिभागी को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

गरबा के लिए आवश्यक बैठक मंगलवार शाम 5 बजे राम मन्दिर महासमुंद पुनः रखी गई है। जिसमें सभी नगर वासी आमंत्रित है। बैठक में प्रमुख रूप से देवेंद्र दुबे, प्रमोद चंद्राकर, भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवी चंद्र राठी, पार्षद मनीष शर्मा, बादल मक्कड़, अखिलेश लूनिया, देवनारायण बिसेन, राधेश्याम चंद्राकर, आनंद साहू, बिपिन बिहारी महंती, विहिप जिला अध्यक्ष हर्ष वर्धन चंद्राकर, साहू समाज के जिला अध्यक्ष ढालू राम साहू, नारायण चौधरी, नंदू राम साहू, प्रदीप वर्मा, लोकेश दावड़ा, कौशलेंद्र चंद्राकर, मनीष श्रीवास्तव, तारिणी चंद्राकर, खगेंद्र तारक, नितेश श्रीवास्तव, कान्हा प्रधान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# माता कर्मा महाविद्यालय में विश्व हैबिटेट, जियोडायवर्सिटी एवं पर्यटन दिवस पर हुई संगोष्ठी, मानव आवास व पर्यावरण संरक्षण किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ सरस्वती वर्मा के निर्देशन में भूगोल विभाग एवं भूगोल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हैबिटेट दिवस, अंतरराष्ट्रीय जियोडायवर्सिटी दिवस एवं विश्व पर्यटन दिवस पर महत्वपूर्ण भौगोलिक संगोष्ठी एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों तथा भूगोल स्नातकोत्तर की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानव आवास, प्राकृतिक एवं भौगोलिक विविधता, पर्यावरण संरक्षण, सतत संसाधन प्रबंधन तथा पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में विश्व हैबिटेट दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मानव आवास एवं बेहतर जीवन-स्थितियों पर चर्चा की गई। वर्ष 2026 की थीम सभी के लिए पर्याप्त आवास है। वक्ताओं ने बताया कि यह दिवस शहरों, कस्बों और मानव बस्तियों की स्थिति पर विचार करने तथा प्रत्येक व्यक्ति के लिए पर्याप्त एवं सुरक्षित आवास के



अधिकार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

कार्यक्रम में जियोडायवर्सिटी अर्थात पृथ्वी की अजैविक विविधता के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि जियोडायवर्सिटी में पृथ्वी की चट्टानें, खनिज, जीवाश्म, मिट्टी, स्थलरूप तथा भूवैज्ञानिक प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। ये सभी प्राकृतिक पर्यावरण एवं पारिस्थितिक तंत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पर्यटन केवल मनोरंजन एवं भ्रमण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्थानीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण तथा विभिन्न क्षेत्रों के बीच सामाजिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में ओमप्रकाश पटेल, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग ने विषयगत उद्बोधन देते हुए विश्व हैबिटेट दिवस, जियोडायवर्सिटी एवं पर्यटन के परस्पर संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को भौगोलिक दृष्टिकोण से प्राकृतिक संसाधनों, मानव बस्तियों तथा पर्यटन के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। ओंकार प्रसाद साहू, सहायक प्राध्यापक, हिंदी ने मानव एवं प्रकृति के पारस्परिक संबंध, पर्यावरणीय चेतना तथा भारतीय संदर्भ में प्रकृति एवं संस्कृति के महत्व पर विचार व्यक्त किए। अरविंद साहू, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी ने वैश्विक स्तर पर मनाए जाने वाले इन महत्वपूर्ण दिवसों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण, मानव आवास एवं पर्यटन के वैश्विक परिप्रेक्ष्य को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं संक्षिप्त उद्बोधन जगदीश प्रसाद खटकर द्वारा किया गया। गुप्तेश नामदेव अतिथि व्याख्याता ने भी संक्षिप्त उद्बोधन के माध्यम से विषय की उपयोगिता एवं विद्यार्थियों की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मंच पर डॉ मुकेश्वर सोनवानी, चमन आडिले एवं डॉ हेमेंद्र साहू की उपस्थिति रही।

# शांत्रीबाई महाविद्यालय में पुरुषोत्तम कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ चंद्रनाहूं शिक्षण समिति महासमुंद द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रखर समाजवादी नेता स्वर्गीय पुरुषोत्तम कौशिक की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ चंद्रनाहूं शिक्षण समिति के सचिव कमलेश चंद्राकर द्वारा स्वर्गीय पुरुषोत्तम कौशिक की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित एवं पुलकित कौशिक द्वारा कौशिक के प्रतिमा पर माल्यार्पित कर नमन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित शिक्षण समिति के संचालक सदस्य एवं सदस्यों, समस्त समाजवादी साथी, शांत्रीबाई महाविद्यालय एवं चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल के समस्त स्टाफ द्वारा प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी कमलेश ध्रुव ने कहा कि स्वर्गीय पुरुषोत्तम कौशिक का जीवन अत्यंत संघर्षशील, प्रेरणादायी एवं समाज के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा, खेल, किसान, गरीब एवं मजदूर वर्ग के हितों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कौशिक के बारे में रुचियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वे किताबें पढ़ने के साथ-साथ खेल में रूचि रखते थे। उपस्थित शिक्षण समिति के सचिव कमलेश चंद्राकर ने कहा कि कौशिक शिक्षा के विस्तार एवं शिक्षण संस्थाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। आज उनके प्रयासों से स्थापित छग चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और क्षेत्र के बच्चों को वर्तमान समयानुसार अंग्रेजी माध्यम में नर्सरी से 12वीं तक सीबीएसई आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ महाविद्यालयीन शिक्षा प्रदान कर रही हैं। हमारा निरन्तर प्रयास रहेगा की कौशिक द्वारा स्थापित इस शिक्षण संस्थान को निरंतर आगे बढाते रहे।

शिक्षण समिति के पूर्व सचिव द्वारिका प्रसाद चंद्राकर ने कहा कि उनका मानना था कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब शिक्षा का प्रकाश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे और किसान, मजदूर एवं गरीब वर्ग को सम्मान एवं अधिकार मिले। उन्होने कहा कि उनके द्वारा बताएं रास्ते में चलकर सामाजिक कार्यो में अपनी सहभागिता देते है तो यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर ऋषि चंद्राकर ने कहा कि पुरुषोत्तम कौशिक के राजनैतिक जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने किस तरह एक जमीनी स्तर से लेकर केंद्रीय मंत्री बनने तक का सफर तय किया। उन्होंने कहा कि कौशिक जमीनी स्तर के नेता थे, उसे जनता पसंद करती थी। इसलिए वे इस मुकाम को हासिल कर पाए। हमें भी उनके नक्शेकदम पर चलकर एक जमीनी स्तर पर कार्य करना चाहिए।

श्रद्धांजलि सभा का संचालन समाजवादी साथी राजेश्वर खरे द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि में उपस्थित शिक्षण समिति के पदाधिकारियों, संचालक सदस्यों, समाजवादियों, महाविद्यालय व विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र/छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त कौशिक के पोते पुलकित कौशिक द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ चंद्रनाहूं शिक्षण समिति के संचालक द्रोण चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, निखिल चंद्राकर, दयालू चंद्राकर, प्रसून चंद्राकर, शिक्षण समिति के पूर्व सचिव द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, चमन लाल चंद्राकर, शिक्षण समिति के सदस्य व समाजवादी सेवन लाल चंद्राकर, दिलीप कौशिक, शंकर लाल चंद्राकर, नंदकुमार चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, भीमसेन चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

# गुरु घासीदास जयंती में नाचा-गम्मत, आर्केस्ट्रा से समाज को हो रहा नुकसान : मनहरे

## सतनामी समाज के जिला स्तरीय एकीकरण एवं समन्वय बैठक में अलग अलग संगठन को समाप्त कर एक बैनर में संगठित होने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सतनामी समाज का जिला स्तरीय अलग-अलग सामाजिक संगठन का एकीकरण एवं समन्वय बैठक संत माता कर्मा सदन में राज्य अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष बेदराम मनहरे के मुख्य अतिथि व मोहन बंजारे प्रदेश महासचिव प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की अध्यक्षता एवं दिनेश बंजारे व एसआर बंजारे, एसआर बांधे व अन्य अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में रखा गया।

बैठक में उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए आयोग के उपाध्यक्ष मनहरे ने गुरु घासीदास जयंती के आयोजन के बदलते स्वरूप पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि नाच गम्मत आर्केस्ट्रा के साथ गांव-गांव में मेला लगाने से समाज को आर्थिक, नैतिक, सांस्कृतिक नुकसान हो रही है। कुछ जगहों पर रात्रिकालीन कार्यक्रम में मारपीट हत्या तक हो जा रही है। जिसे रोकना अति आवश्यक है। गुरु घासीदास जयंती सादगी के साथ केवल सतनाम संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम के आयोजन किया जाना चाहिए। आज समाज में गुरु घासीदास बाबा के बताए सात सिद्धांत के विपरीत काम हो रही है। जिसके कारण समाज की साख गिर रही है। वहीं व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए समाज में दर्जनों अलग-अलग संगठन समिति बनाने से भी राजनीतिक सामाजिक मजबूती नहीं दिख रही है, इसलिए सभी संगठन समिति को सामाजिक एकीकरण के तहत एक मंच पर आने की जरूरत है। अनुसूचित जाति



आयोग में अब समाज के लोगों की आवेदन पर त्वरित व संवैधानिक रूप से गति आएगी। आयोग का कार्य ही अनुसूचित जाति वर्ग के विकास व संवैधानिक अधिकारों के रक्षा के लिए किया गया है। महासमुंद जिला के सामाजिक पदाधिकारियों की प्रशंसा करते हुए सामाजिक रूप से आदर्श जिला बताया। दादा नकुल देव ढीढी के विरासत को सहेज कर काम कर रहे हैं।

प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे ने प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज द्वारा सामाजिक एकीकरण एवं समन्वय अभियान के तहत पुरे छत्तीसगढ़ में एक मंच पर लाने किए जा रहे प्रयासों व 15 बिंदुओं पर रीति नीति के कार्यों से अवगत कराया। बैठक को एसआर बांधे खरोरा क्षेत्र के अध्यक्ष ने बीते साल 125 गांव में एक ही दिन जयंती मनाने की पहल का जिक्र किया। जिससे समाज के करोड़ों रुपए की बचत हुई और किसी प्रकार की वाद विवाद भी नहीं हुआ। इस तरह पूरे छत्तीसगढ़ में एक दिन जयंती मनाने की अपील की। बैठक को दिनेश बंजारे एसआर बंजारे ने भी संबोधित किया।

बैठक की शुरुआत प्रसिद्ध सतनाम भजन गायक मनोज आडिल द्वारा आरती मंगल से किया तथा जिलाध्यक्ष विजय बंजारे ने जिला में सामाजिक संगठन की संरचना व कार्यों पर प्रकाश डाला। सभी अतिथियों के विचार पश्चात उपस्थित समाजजनों द्वारा सामाजिक एकीकरण का पालन करने एक बैनर में काम करने का निर्णय लिया। साथ ही प्रदेश समन्वय बैठक में लिए गए 15 बिंदुओं को ग्राम स्तर पर लागू करने की संकल्प पारित किया। आयोग के उपाध्यक्ष का प्रथम जिला आगमन पर प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के द्वार घोड़ारी में व अंबेडकर चौक पर स्वागत किया। साथ ही श्वेत गमछा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। मंच संचालन रेखराज बघेल व आभार प्रदर्शन खोशिल गेंड्रे ने किया। बैठक में पांचों ब्लॉक के समाजजनों के अलावा पलारी व खरोरा क्षेत्र के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप




### कौशिक की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में महान समाजवादी नेता एवं भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय पुरूषोत्तम लाल कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। कौशिक ने वर्ष 1972 में महासमुंद से मध्य प्रदेश विधानसभा के विधायक चुने हुए थे। वर्ष 1977 में रायपुर और 1989 में दुर्ग से लोकसभा सांसद चुने हुए थे। उन्होंने केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में भी देश की सेवा की। वे छत्तीसगढ़ क्षेत्र में समाजवादी आंदोलन के अग्रदूत और किसानों-गरीबों के संघर्ष के लिए जाने जाते थे छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती आज

**महासमुंद।** बिरकोनी गांव के वीर सपूत शहीद घनश्याम कन्नौजे की जयंती आज 6 अक्टूबर को है। संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि शहीद घनश्याम कन्नौजे एएसएफ की दूसरी बटालियन सकरी बिलासपुर के आरक्षक क्रमांक 111 में माओवाद प्रभावित बीजापुर के भद्राकाली में तैनात थे। माओवादियों से लोहा लेते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।



### लाफिनकला में हर्षोल्लास से मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**महासमुंद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ग्राम लाफिन कला में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत गांधी चौक की सफाई व विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कमलेश कुमार साहू, डाकेश कुमार साहू, गोवर्धन साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर हंसिखा साहू, प्रियल साहू मौजूद रहे।

### आयोजन : बेटा जौतिया एवं चिल्हरीडार पूजा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

# अतिथि नहीं बेटा बनकर अपने परिवार के बीच हूं : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय हाईस्कूल मैदान में गोंडवाना आदिवासी समाज द्वारा पारंपरिक आस्था से जुड़े बेटा जौतिया परब एवं चिल्हरीडार पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहले पहर के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा दूसरे पहर में नगर पालिका परिषद महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम स्थल पर समाजजनों ने पालिका अध्यक्ष साहू का पारंपरिक पीला गमछा एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर साहू ने समाज के वरिष्ठजनों, भाई बहनों



से मुलाकात कर कहा कि गोंडवाना समाज की परंपराएं, संस्कृति और आस्था ही छत्तीसगढ़ की असली पहचान है। जल, जंगल, जमीन और आपकी संस्कृति से ही हमारा प्रदेश समृद्ध है। संबोधन में नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि मैं आज यहां अतिथि बनकर नहीं बल्कि बेटा बनकर अपने परिवार के बीच आया हूं। आपका यह स्नेह और अपनापन मेरे लिए सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बेटा जौतिया परब पर उपवास रखी सभी माताओं को प्रणाम करते हुए कहा कि एक मां ही होती है जो अपने बेटे की लंबी उम्र, सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए इतना कठिन व्रत रखती है। मां के इस त्याग और ममता से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आप सभी की आस्था और भक्ति को मैं नमन करता हूं।

उन्होंने कहा समाजजनों से मिले प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत हूं। ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी एकता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में सभापति जीतेंद्र देवनारायण ध्रुव, गुलशन साहू, जय देवांगन, पूर्व पार्षद रिंकू चंद्राकर, टोमन कागजी, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, राहुल आवड़े, वरिष्ठ नेता सोनाधर सोनवानी, पार्षद नीरज चंद्राकर सहित हजारों की संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कोमाखान में लगा स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके सिंह कुशवाहा के निर्देशन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बीएस बढ़ई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर, खंड विस्तार एवं प्रशिक्षण अधिकारी एम चौधरी के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आमजन को उनके निकट ही आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना रहा। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।

शिविर के दौरान आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वय वंदना कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए एवं वितरित किए गए, जिससे वे शासन की विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम एनटीईपी के अंतर्गत टीबी संभावित मरीजों की जांच के लिए एक्स-रे जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों को जांच कराने तथा समय पर उपचार प्राप्त करने के लिए जागरूक किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के एसटीएस रविन्द्र कास्यकार, आरएमए मोनिका चंद्राकर, किशोर कुमार साहू, सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश कुमार साहू, सोनिका दास, मनोज कुमार गायकवाड़, फार्मासिस्ट ज्ञानेश दीवान, लुकेश ध्रुव, लैब टेक्नोलॉजिस्ट केपी जांगड़े, नेत्र सहायक अधिकारी आरती साहू सहित अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी। शिविर के माध्यम से आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया गया।

# महतारी वंदन में बहनों के नाम काटकर झूठे आंकड़े पेश कर रही है साय सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा है कि महतारी वंदन योजना अब महिलाओं को राहत देने की बजाय उन्हें परेशान करने का जरिया बन गई है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार दावा करती है कि 69 लाख महिलाओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन पौने तीन साल के भीतर ही लाखों महिलाओं के नाम काटे जा चुके हैं। एक तरफ नए आवेदनों के लिए पिछले ढाई साल से पोर्टल बंद रखा गया है तो दूसरी तरफ पहले से जुड़ी हुई महिलाओं के नाम सत्यापन के नाम पर काटे जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि हर महीने 700 करोड़ से अधिक खर्च का रोना रोकर सरकार बहाने बना रही है। कभी परिवार में आयकरदाता होने का हवाला तो कभी सरकारी सेवा में होने का हवाला देकर महिलाओं को अपात्र बताया जा रहा है और उनसे पहले दी गई राशि की वसूली की जा रही है। फार्म में गलत जानकारी भरने का आरोप लगाकर भी नाम हटाए जा रहे हैं। सरकार का मकसद सिर्फ बजट बचाना है। नाम काटने से हर महीने जो करोड़ों रुपये बच रहे हैं। उसका उपयोग नई पात्र महिलाओं को जोड़ने में नहीं हो रहा है। चंद्राकर ने कहा कि ढाई साल में हजारों बेटियों की शादी हुई है, जो पात्रता की श्रेणी में आ गई हैं। लेकिन, पोर्टल बंद होने से उनका हक मारा जा रहा है। सरकार ने योजना को सतत प्रक्रिया कहा था, लेकिन आज दरवाजे बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने मांग की है कि सरकार झूठे आंकड़े पेश करना बंद करे, काटे गए सभी नामों को तत्काल बहाल करे और नवविवाहित पात्र महिलाओं के लिए पोर्टल खोलकर उन्हें उनकी पात्रता तिथि से पूरा लाभ दे।

# लायंस सेवा सप्ताह अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



लायंस सेवा सप्ताह के अंतर्गत गांधी शास्त्री जयंती पर गांधी के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर गांधी-शास्त्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए लायन अध्यक्ष पारस चोपड़ा, लायन नासिर अली सैफी, शरद जैन, मनोहर महंती शिशु संस्कार केंद्र की प्राचार्या सरला सोनी ने संबोधित किया।

3 अक्टूबर 2026 शनिवार को शिशु संस्कार केंद्र के छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ सहित लगभग 700 लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान आवश्यकतानुसार आई ड्रॉप्स दवाइयां दी गई। लगभग 70 लोगों को निःशुल्क चश्मा दिए जाने के लिए चयनित किया गया। नेत्र परीक्षण का दायित्व निर्वहन के लिए नोडल अधिकारी अवधेश यादव, वरिष्ठ नेत्र सहायक उमेश गोतमारे, नेत्र सहायक संजय चंद्राकर, रामेश्वर कुमार सिन्हा, भुनेश्वरी साहू, मिलन भदौरिया का लायंस क्लब महासमुंद द्वारा नेत्र परीक्षण कार्य के कुशल निष्पादन पर भेंट देकर सम्मानित किया गया। शिविर की व्यवस्था में सहयोग के लिए शिशु संस्कार केंद्र की अनिता नागवंशी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लायन मूलचंद लढ्ढा, लायन अवतार सिंह मल्होत्रा, लायन नासिर अली सैफी, लायन ताराचंद चांडक, शिशु संस्कार केंद्र के मनोहर महंती, शरद जैन, प्राचार्य सरला सोनी मनोहर पींचा, नैना श्रीवास्तव, भावना गांधी, गुरप्रीत कौर का विशेष सहयोग रहा। सभी ने अपनी संस्था के बच्चों का नेत्र परीक्षण कराए जाने पर लायंस क्लब महासमुंद के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मध्य में लायंस क्लब महासमुंद एवम् शिशु कल्याण शिक्षा समिति महासमुंद अध्यक्ष पारस चोपड़ा, शिशु कल्याण शिक्षा समिति के सचिव शरद जैन द्वारा नेत्रदान की घोषणा की गई। अध्यक्ष लायन पारस चोपड़ा द्वारा सभा का संचालन, सम्बोधन एवं आभार प्रदर्शन किया।

# हर रविवार को लगती है संस्कार शाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गायत्री परिवार संगठन बेमचा द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित गायत्री मंदिर बेमचा में बाल संस्कार एवं किशोर संस्कार शाला प्रारंभ है। जिसमें प्रत्येक रविवार को शाम 4 से 6 बजे संस्कार शाला लगती है।

इस रविवार को किशोर संस्कार शाला के 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों को पेंशनर संघ के वरिष्ठ पेंशनर उदम सिंह रामगढ़िया ने गणित के अंतर्गत हल का विशिष्ट ज्ञान प्रदान किए। भगत गुरुजी ने गांधी, शास्त्री जयंती पर दोनों

- गांधी व शास्त्री जयंती पर दोनों महापुरुषों के बालकोपयोगी ज्ञान छात्रों को प्रदान किए गए

महापुरुषों के बालकोपयोगी ज्ञान छात्रों को प्रदान किए। दिनेश्वरी एवं पूजा, गोपनी साहू ने खेल खेल में बच्चों को मनोरंजनात्मक शिक्षा प्रदान किए।

प्रति रविवार को जन गण मन एवं वंदे मातरम गायन के साथ कक्षा प्रारंभ होती है। इसमें युवा चेतना संगठन के चेतन चंद्राकर, सुकालू निषाद, रविकांत चंद्राकर, डेरहा, बेनूराम विदानी, राजेंद्र धाड़गे, यागेश ध्रुव, प्रतीक निषाद का सहयोग रहा। यह उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# विभागों में तीन वर्ष से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों का हो फेरबदल : गालिब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समय-समय पर फेरबदल को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विभागों में कई अधिकारी-कर्मचारी तीन वर्ष या उससे अधिक समय से एक ही स्थान



पर पदस्थ बताए जा रहे हैं। सरायपाली के समाजसेवक गालिब हुसैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थापना के बजाय शासन के नियमों के अनुरूप समय-समय पर फेरबदल की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जाना चाहिए। हुसैन ने आगे कहा हैं कि सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के सभी शासकीय विभागों में लंबे समय से पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की सूची की समीक्षा कर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार आवश्यक फेरबदल किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन में नियमित स्थानांतरण व्यवस्था केवल पदस्थापना बदलने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि पारदर्शी, जवाबदेह और निष्पक्ष प्रशासन सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।




# समलिया यादव दूसरी बार बने प्रांतीय महासचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप






यादव ठेठवार समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष का चुनाव राजिम में शांति पूर्ण हुआ। यादव (ठेठवार) समाज महासभा के प्रांतीय महासचिव उपमहासभा के खल्लारी के अधिकृत प्रत्याशी समलिया यादव ने लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए।

इसी प्रकार सलौनी के संतोष यादव, अध्यक्ष व धमधा के रमन यादव कोषाध्यक्ष के रुप निर्वाचित हुए। 37 राज, 5 नगर इकाई, 1 उपमहासभा 51 पार, 65 प्रांतीय टीमें के मतदाताओं ने शांति पूर्ण मतदान किया। 5 बूथों में, 26 मतदान अधिकारी, 4 व्यवस्था प्रमुख सहित पीठासीन अधिकारी लूलचंद यदु, निर्वाचन अधिकारी सोमकांत यादव, गजानंद यादव, कन्हैया लाल यादव, नरेश यादव सभी के कठिन परिश्रम व कुशल मार्गदर्शन से चुनाव शांतिपूर्ण हुआ।

इस चुनाव में सबसे कांटे की टक्कर प्रांतीय महासचिव की थी। जिसमें समलिया यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शंकर यादव को शिकस्त देते हुए 3 मतों विजयी हुए। इस प्रकार महासचिव के प्रत्याशी शंकर यादव को 145, नरोत्तम यदु को 131 व विजयी प्रत्याशी समलिया को 148 मत मिले। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संतोष यादव ने 194 मत, खेमराज यदु को 33 मत, कोमल यदु को 31 मत, गुलेंद्र यादव को 54 मत व परमानन्द यादव को 108 मत मिले। संतोष यादव अपने निकटतम प्रत्याशी परमानंद यादव को 86 मतों से शिकस्त देकर प्रांताध्यक्ष चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित रमन यादव को 147 मत, निकटतम प्रत्याशी जितेंद्र यादव को 125 मत, ठाकुर राम यादव को 41 मत, मोहन यादव 25, विजय यादव को 49 मत मिले, श्याम सुंदर यादव को 34 मत मिले।

इस प्रकार रमन यादव ने अपने निकटतम प्रत्याशी को 22 मत अधिक प्राप्त कर विजयी हुए। इस चुनाव में राज, पार, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ सहित 438 मतदाताओं में से 427 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग किया।

